## RTI REQUEST DETAILS (आरटीआई अनुरोध विवरण)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Registration Number (पंजीकरण संख्या) :** | IMETD/R/P/21/00001 | **Date of Receipt (प्राप्ति की तारीख) :** | 28/01/2021 |
| **Type of Receipt (रसीद का प्रकार) :** | Local Receipt | **Language of Request (अनुरोध की भाषा) :** | English |
| **Name (नाम) :** | Laxman Singh | **Gender (लिंग) :** | Male |
| **Address (पता) :** | House No 274, Type-2, Sector-2, Sadiq Nagar, New Delhi, Pin:110049 | | |
| **State (राज्य) :** | Delhi | **Country (देश) :** | Details not provided |
| **Phone Number (फोन नंबर) :** | Details not provided | **Mobile Number (मोबाईल नंबर) :** | Details not provided |
| **Email-ID (ईमेल-आईडी) :** | Details not provided | | |
| **Status (स्थिति)(Rural/Urban) :** | Urban | **Education Status :** | Graduate |
| **Requester Letter Number(निवेदक पत्र संख्या) :** | Details not provided | **Letter Date :** | Details not provided |
| **Is Requester Below Poverty Line ? (क्या आवेदक गरीबी रेखा से नीचे का है?) :** | No | **Citizenship Status (नागरिकता)** | Indian |
| **Amount Paid (राशि का भुगतान) :** | 10 ) (original recipient) | **Mode of Payment (भुगतान का प्रकार)** | Postal Order |
| **Does it concern the life or Liberty of a Person? (क्या यह किसी व्यक्ति के जीवन अथवा स्वतंत्रता से संबंधित है?) :** | No(Normal) | **Request Pertains to (अनुरोध निम्नलिखित संबंधित है) :** | Dr. A K Mitra |
| **Information Sought (जानकारी मांगी):** | RTI attached herewith | | |

Print Save Close

Rti

32
28.1.21

(1)

सेवा में,

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी (RTI Officer)
महानिदेशक का कार्यालय (DGM)
भारत मौसम विज्ञान विभाग, लोदी रोड, नई दिल्ली–3

बिषयः– सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंर्तगत RTI से प्राप्त प्रमाणों/साक्ष्यों (Proof) के आधार पर दिनांक 18/01/2021 को दिये गये पत्र के संबंध में स्थापना अनुभाग–1 और प्रादेशिक मौसम केंद्र नई दिल्ली से निम्न लिखित सूचनाओं की प्रतिहस्ताक्षरित छायाप्रतियॉ निर्धारित समय के अंदर उपलब्ध कराने के संबंध में।

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंर्तगत RTI से प्राप्त प्रमाणों/साक्ष्यों (Proof) के आधार पर **दिनांक 18/01/2021 को श्रीमान हर्ष वर्धन, माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री भारत सरकार, के नाम संबोधित पत्र जिसकी प्रतिलिपि सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग तथा स्थापना–1 अनुभाग को दी गई थी** उस पत्र पर श्री अरविंद कुमार सिंह–मौसम विज्ञानी–बी द्वारा विभाग में अर्जित अवकाशों के **आवेदन नही देकरं हेरा–फेरी युक्त भ्रष्टाचार किया** । श्री अरबिन्द कुमार सिंह मौ.बि–बी के सेवानिवृत तिथि (31.01.2021) है उनके दिनांक 01 जनवरी 2019 से दिनांक 31 जनवरी 2021 तक की अर्जित अवकाशों को काटने के संबंध में निम्न लिखित सूचनाओं की प्रतिहस्ताक्षरित छायाप्रतियॉ निर्धारित समय के अंदर उपलब्ध कराने के संबंध में–

1– RTI से प्राप्त प्रमाणों/साक्ष्यों (Proof) के आधार पर दिनांक 1 जनवरी 2019 से 31 अक्टूबर 2019 तक अर्जित अवकाशों (Annual leave) को काटने के लिये स्थापना अनुभाग–1 और प्रदेशीक मौसम केंद नई दिल्ली द्वारा **श्री अरबिन्द कुमार सिंह मौ.बि–बी के सेवानिवृत तिथि (31.01.2021)** तक **स्थापना अनुभाग–1 और प्रादेशिक मौसम केंद नई दिल्ली** द्वारा अभी तक **फाईल पर टिप्पणी और मसौदा (Noting and drafting)** के माध्यम से जो भी उचित कार्यवाई की गई है **उन सभी पेजों की** प्रतिहस्ताक्षरित छायाप्रतियॉ उपलबध कराई जाय।

2– RTI से प्राप्त प्रमाणों/साक्ष्यों (Proof) के आधार पर **दिनांक 1 जनवरी 2019 से 31 अक्टूबर 2019** तक **स्थापना अनुभाग–1** और **प्रदेशीक मौसम केंद्र नई दिल्ली** द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, मौ.वि.–बी की काटी गई अर्जित अवकाशों(Annual leave) के **विवरण की** प्रतिहस्ताक्षरित छायाप्रतियां उपलबध कराई जाय।

3– RTI से प्राप्त प्रमाणों/साक्ष्यों (Proof) के आधार पर **दिनांक 1 जनवरी 2019 से 31 जनवरी 2021 तक** स्थापना अनुभाग–1 और प्रदेशीक मौसम केंद नई दिल्ली द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, मौ.वि.–बी की काटी गई अर्जित अवकाशों (Annual leave) के संबंध में जारी किये गये **छुटटीयों के ज्ञापन (Leave memo)** की प्रतिहस्ताक्षरित छायाप्रतियां उपलबध कराई जाय।

अपीलकर्ता

दिनांकः 28/01/2021

28/01/2021

(लक्ष्मण सिंह)

मकान न.– 274 टाईप – 2,
सैक्टर – 2, सादिक नगर,
नई दिल्ली– 110049

संलग्नः– 1– 10 रूपये का पोस्टल आर्डर।

सेवा में,

श्रीमान हर्ष वर्धन जी,
माननीय केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री,
भारत सरकार

विषयः— RTI द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के बाद भी श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा विभाग में किये गये भ्रष्टाचार पर IMD प्रशासन द्वारा उसकी सेवानिवृत तिथि (31.01.2021) तक बचाने के प्रयासों की उच्च स्तरीय जांच की जाय तथ जब तक पद का दूरपयोग करने पर उन्हे दंडित नही किया जाता है तब तक उनके सेवानिवृत के समय कि जाने वाले सभी प्रकार के भुगतानों पर रोक लगाई जाय।

महोदय,

मै आपका ध्यान मौसम विभाग के सुरक्षा अनुभाग में ( दिनांक 01 जनवरी 2019 से 31 अक्टूबर 2019) कार्यर श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा पद का दुरपयोग कर विभाग के साथ किये गये भ्रष्टाचार पर IMD प्रशासन द्वा RTI से प्राप्त साक्ष्यों के बाद भी उसकी सेवानिवृत तिथि (31.01.2021) तक जानबूझ कर बचाने का कुप्रयास किय जा रहा है जो कि निंदनीय है । श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा विभाग के साथ किये गये भ्रष्टाचार औ अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराई जाय और जब तक RTI द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर उन्हे दंडी नही किया जाता है तब तक उन्हे सेवानिवृत के समय किये जाने वाले सभी प्रकार के भुगतानों पर रोक लगा जाय क्योकि उन्होने इस दौरान सूरक्षा अनुभाग में अनुभाग अधिकारी के पद का दुरपयोग किया और पद पर रह हुये अनेकों अनियमिततायें की जिसके RTI से प्राप्त सभी साक्ष्य प्रशासन के स्थापना अनुभाग–1 के पास मौजूद लेकिन एक वर्ष से ज्यादा का समय होने के बाद भी प्रशासन ने किसी प्रकार की जांच नही की और न ही दि गये साक्ष्यों के आधार पर श्री A.K.Singh, Met-B को दण्डीत किया बल्कि उल्टे शिकायतकर्ता को ही डराया औ धमकाया गया जो कि एकदम गलत तरिका था। शिकायतकर्ता द्वारा RTI से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर विभाग त महानिदेशक महोदय तक पत्र के माध्यम और मौखिक रूप से मिलकर अवगत करा दिया गया है लेकिन उचि कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद भी IMD प्रशासन का स्थापना अनुभाग–1 कोई कार्रवाई नही कर रहा है य अपने आप मे भ्रष्टाचार को बढावा देना ही है और प्रशासन RTI से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर उसे दण्डीत कर के बजाय उसके सेवा निवृत होने कि तिथि 31 जनवरी 2021 का इंतजार कर रहा है और जैसे तैसे उसे बचान चाहता है जो एक बड़े दुर्भाग्य की बात है । अगर श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा विभाग के साथ किये ग भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच नही करके उसे दण्डीत नही किया जाता है तो इससे भ्रष्टाचार और बढेग जिसे रोकना मुमकीन होगा।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा सूरक्षा अनुभाग में अनुभाग अधिकार के पद का दुरपयोग किया और पद पर रहते हुये अनेकों अनियमिततायें करके विभाग के साथ किये गये भ्रष्टाचा की उच्चस्तरीय जांच कराई जाय और प्रशासन RTI से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर उन्हे दण्डीत किया जाय। श्र A.K.Singh, Met-B द्वारा सुरक्षा अनुभाग में अनुभाग अधिकारी के पद का दुरपयोग करते हुये विभाग के सा किये गये भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के साथ अनुभाग मे कार्यरत कार्मिक के साथ दुर्व्यवहार करने का विवर निम्नलिखित है

1— दिनांक 9/8/2019 को पहली बार शिकायतकर्ता के साथ श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा सुरक्षा अनुभाग दुर्व्यवहार किया गया जिसकी जानकारी मैने मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री ए.के.दास, वैज्ञानिक'ई' जी को दी उन्हो श्री A.K.Singh को जलमौसम अनुभाग के अपने कार्यालय में बुलाकर भविष्य में ऐसा दुबार नही करने की हिदाय देते हुये खेद प्रकट करने को कहा श्री ए.के.सिंह जी ने उस समय तो खेद प्रकट किया और भविष्य में ऐसा दुबार नही होने का अश्वासन दिया था और कुछ दिन शान्त रहे लेकिन फिर दुबारा से—

(क) दिनांक 6/11/2019 को फिर दुबारा से अभद्रव्यवहार के साथ गाली गलौज के अलावा हाथ पकड़कर कमरे र बाहर करने के लिये सूरक्षा गार्ड को बूलाना एवं कार्यालय परिसर से बाहर मारने की धमकी दी।

....2/-

(ख) दिनांक 7/11/2019 को अनुभाग में नही घुसने देने के लिये सुरक्षा गार्ड को मेरे आते ही ताला लगवाने के आदेश देने जिसकी फोटो मेरे पास उपलब्ध है।

(ग) दिनांक 8/11/2019 को श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा मेरी सीट के कम्प्यूटर को जबरदस्ती बन्द कर उसमे अपना पासवर्ड लगा दिया तथा मेरी टेबल की दराज खेलकर उसमे से कुछ सरकारी कागजात एवं कुछ मेरी अपनी नीजी कागजात गायब कर दिये जो मुझे अभी तक वापस नही दिये है।

(2) इस दुर्व्यवहार से दुखी होकर मैने दिनांक 11/11/2019 को महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग (DGM) महोदय को सम्पूर्ण घटना कम के विवरण सहित पत्र लिखा ।

(3) जब कोई कार्रवाई नही हुई जब मैने दिनांक 25/11/2019 को महानिदेशक महोदय के नाम अनुस्मारक(**Reminder**) पत्र लिखा।

(4) दिनांक 18/11/2019 को RTI के माध्यम से लोक सूचना अधिकारी, डी.जी.एम. कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत श्री **A.K.Singh, Met-B** द्वारा की गई अनियमितताओं की निम्नलिखित सूचना मांगी गई--

(क) दिनांक 1 जनवरी 2019 से 31 अक्टूबर 2019 तक के बायोमैट्रीक मशीन की उपस्थित/अनुपस्थित रिर्पोट।

(ख) स्थापना अनुभाग--1 से **A.K.Singh, Met-B** द्वारा ली गई अर्जित अवकाशों (**E.L**) की जानकारीयां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ।

(ग) श्री A.K.Singh, Met-B द्वारा दिनांक 6 अगस्त 2019 को बायोमैट्रीक मशीन और सुरक्षा गार्ड के पास रखें रजिस्टर मे कार्यालय नही आने पर भी सुरक्षा अनुभाग मे कार्यरत MTS को दिये गये बायोमैट्रीक नम्बर से मशीन पर हेरा फेरी कर सूरक्षा गार्ड के पास रखे रजिस्टर में उपस्थित लगावाने की जानकारी के संबंध में।

(घ) मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ ए.के.दास, वै.ई जी द्वारा लूज फाईल सं.--**SI-01021(A)** दिनांक 9/11/2019 जो 6 अगस्त 2019 को कार्यालय में उपस्थित नही थे लेकिन सुरक्षा गार्ड के पास रखे रजिस्टर मे MTS द्वारा अपना बायोमैट्रीक न.--288005 लिखवाकर जाली हस्ताक्षर (**Fraud signature**) करवाने के लिये स्पष्टीकरण देने के लिये श्री ए.के सिंह के नाम फाईल भेजी जिसे उसने बिना स्पष्टीकरण दिये जान--बूझकर गायब कर दिया।

(5) बिना जांच पड़ताल किये कार्यालय आदेश सं.--E(1)0840/ND/7/2019 दिनांक 25/11/019 के अनुसार श्री A.K.Singh, Met-B और मेरा स्थानांतरण (**Transfer**) सूरक्षा अनुभाग से अलग--अलग अनुभागो जी.एस. और कल्याण अनुभाग में किया गया जो कि एकदम गलत निर्णय है।

(6) दिनांक 3/12/2019 को सुरक्षा अनुभाग द्वारा मैटनैट पर **Missing of file No-SI-01021(A) Security Section at H.Q** सरकूलर जारी कर दिया वह फाईल अभी तक नही मिली है।

(7) केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं **1/40/1/2019/Misc-III** दिनांक 13/01/2020 के माध्यम से सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचनायें उपलबद्व कराई गई।

(8) **RTI** से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दिनांक 17/02/2020 को मेरे द्वारा महानिदेशक भारत मौसम विज्ञान विभाग, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं मुख्य आयुक्त केंद्रीय सर्तकता आयोग को विस्तृत जानकारी सहित पत्र लिखे लेकिन अभी तक कुछ भी जॉच पड़ताल एवं उचित कार्रवाई नही हुई।

(9) इस बीच IMD प्रशासन ने RTI द्वारा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर श्री A.K.Singh, Met-B की बिना जॉच किये उचित दण्डात्मक कार्रवाई करने के बजाय उसके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार से उसको बचाने के लिये उसका स्थानान्तरण **DGM(Gs) MO Babatpur(RMC New delhi)** में कर दिया जो कि असंवैधानिक है।

...3/--

(10) आरटीआई से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दिनांक 17/02/2020 को मैने महानिदेशक भारत मौसम विज्ञान विभाग, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं मुख्य आयुक्त केंद्रीय सर्तकता आयोग को विस्तृत जानकारी सहित पत्र लिखे लेकिन अभी तक कुछ भी जॉच पड़ताल एवं उचित कार्रवाई नही हुई के संबंध में पुनः दिनांक 17/03/2020 को महानिदेशक भारत मौसम विज्ञान विभाग, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं मुख्य आयुक्त केंद्रीय सर्तकता आयोग को अनुस्मारक(Reminder) पत्र लिखा।

(11) दिनांक 5/6/2020 को सूचना के अधिकार 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी, महानिदेशक का कार्यालय में दिनांक 17/2/2020 को दिये गये पत्र की जानकारी मांगी गई —

(क) केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. I/40/2020/Admin-II Dated 7/8/2020 के माध्यम से मुझे यह सूचित कराया गया जिसमें लिखा था कि इस कार्यालय से संबंधित अनुभाग में आपका आवेदन प्रकियाधीन है और जल्द ही लिया गया निर्णय आपको सूचित किया जायेगा। अपीलकर्ता उत्तर से संतुष्ट नही होने पर प्रथम अपीली प्राधिकारी से अपील कर सकते है।

(ख) दिनांक 19/08/2020 को पत्रांक सं. I/40/2020/Admin-II Dated 7/8/2020 के जवाब से संतुष्ट नही होने और RTI का जवाब जानबूझ कर 64 दिन की देरी से देने के प्रथम अपीली अधिकारी के पास अपील करी जिसके प्रत्युतर मे पत्रांक सं. I/40/2020/Admin-II Dated 25/8/2020 के माध्यम से संबंधित स्थापना अनुभाग—1 को RTI आवेदन के प्रश्नों की बिंदुवार सभी सूचनाओं की प्रतिहस्ताक्षरित छायाप्रतियां उपलब्ध कराई जाय तथा प्रथम अपीली अथोरिटी द्वारा निर्णय दिया गया जिसमें लिखा था सम्पूर्ण अध्ययन करने के पश्चात अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा यह पाया गया कि अपीलकर्ता को सम्पूर्ण सूचनाये इस कार्यालय केस्थापना अनुभाग—1 ने RTI प्रकोष्ठ को समय पर उपलब्ध नही कराई । अतः स्थापना अनुभाग —1 को यह निर्देशित किया जाता है कि अपीलकर्ता द्वारा वांछित सूचनायें केंद्रीय जन सूचना अधिकारी या आरटीआई प्रकोष्ठ को 5 दिन के भीतर उपलब्ध कराई जायें जिसे अपीलकर्ता को सूचना उपलबद्व करा सकें।

(12) दिनांक 8 सितम्बर 2020 को इसी सूचना के बारे में मेरे को स्थापना अनुभाग—1 से श्री गगन दीप , A.O.—2 ने फोन न. 43824248 से फोन करके बुलाया और फिर उपमहानिदेशक(प्रशासन) के कमरे में भेज दिया जहां उन्होने मुझे RTI के माध्यम से जवाब मांगने के लिये डाटते हुये धमकाकर अपमानित किया तथा RTI वापस लेने के लिये कहा जिसकी शिकायत मैने दिनांक 11/9/2020 को महानिदेशक महोदय से की उन्होने उपमहानिदेशक (प्रशासन) को प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अतिशीघ्र कार्रवाई करने को कहा जिस पर आम सहमति बन गई थी।

(13) लेकिन जब महानिदेशक जी द्वारा दिये गये अश्वासन के बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई तो फिर दुबारा से महानिदेशक जी के नाम दिनांक 19/11/2020 को अनुस्मारक (Reminder) पत्र दिया गया लेकिन उस पर भी जब कोई उचित कार्रवाई नही हुई तो मै दिनांक 28/12/2020 को महानिदेशक महोदय से उनके कार्यालय के कमरे में मुलाकात की और अभी तक कुछ भी नही हुआ कि जानकारी दी।

(14) श्री **A.K.Singh, Met-B** दिनांक 31 जनवरी 2021 को सेवा निवृत होने वाले है और IMD प्रशासन स्थापना अनुभाग—1 उन्हे बिना जॉच और बिना दंडात्मक कार्रवाई के बचाना चाहता है जबकि श्री A.K.Singh, द्वारा सुरक्षा अनुभाग मे पद का दुरूपयोग करते हुये हेराफेरी करके लगभग 10 महिने यानि 1 जनवरी से 31 अक्टूबर 2019 (304 दिन) में 151 कार्यालय आये जिसमें शनिवार रविवार 75 दिन , 62 दिन कार्यालय नही आये + 6 दिन 12:30 बजे बाद कार्यालय आये + 121 दिन 10 बजे से 12:30 बजे के बीच कार्यालय आये और केवल 24 दिन 9:30 बजे से 10 बजे के बीच कार्यालय आये।

...4/—

अपीलकर्ता

18/1/2021

(लक्ष्मण सिंह)

पद-- उच्च श्रेणी लिपिक

कल्याण अनुभाग, डी.जी.एम.

दिनांक: 18/01/2021

प्रतिलिपि:—

1— डॉ एम. राजीवन नायर जी, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार।

2— डॉ एम. महापात्रा जी, महानिदेशक भारत मौसम विज्ञान विभाग, लोदी रोड, नई दिल्ली।

(लक्ष्मण सिंह)

पद— उच्च श्रेणी लिपिक

कल्याण अनुभाग, डी.जी.एम.

सूचनार्थ :-

1- स्थापना अनुभाग - 1 (E-1)

Print

**Government of India**
**India Meteorological Department**
**O/o Director General of Meteorology,**
**SatMet Building, India Meteorological Department, Lodhi Road, New Delhi**

Dated: 17/02/2021

To

Shri Laxman Singh
House No 274, Type-2
Sector-2, Sadiq Nagar
New Delhi
110049

**Registration Number : IMETD/R/P/21/00001**

Dear Sir/Madam

I am to refer to your Request for Information under RTI Act 2005, received vide letter dated 28/01/2021 and to say that *the information pertaining to your query as received from the concerned section of this office has been handed over to the applicant vide letter No. I/40/2021/Admin dated 16.02.2021..*

In case, you want to go for an appeal in connection with the information provided, you may appeal to the Appellate Authority indicated below within ***thirty days*** from the date of receipt of this letter.

**Dr. Vijay Kumar Soni**
FAA & Scientist - F
Address: O/o DGM, India Meteorological DepartmentMausam Bhawan, Lodi RoadNew Delhi
Phone No.: 011-43824440

**Yours faithfully**

**( Dr. A K Mitra)**
**CPIO & Scientist-E**
**Phone No.: 43824489**
**Email : imd.rti@gmail.com**